# कलेक्टर सख्तः जिला आपूर्ति अधिकारी समेत 24 अफसरों को नोटिस, वेतन रोकने की चेतावनी

**सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी; सोमवार को दोबारा होगी समीक्षा**

सतना।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के मामलों में बरती जा रही ढिलाई पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया है। जनहित से जुड़ी शिकायतों का समय पर निराकरण न करने पर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी सहित दो दर्जन राजपत्रित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा के दौरान पाया कि कई अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं,जिसे उन्होंने 'घोर लापरवाही' करार दिया।




उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ,तो संबंधित अधिकारियों का वेतन कटोती किया जाएगा।

इस मामले में आगामी सोमवार को एक बार फिर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी लंबित प्रकरणों की बारीकी से जांच होगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी पूरी तैयारी और संतुष्टिपूर्ण जवाब के साथ उपस्थित रहें,अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

# रसोई गैस की किल्लत और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का 'हल्ला बोल'




**मैहर।** बढ़ती महंगाई और घरेलू एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को मैहर में विशाल 'महंगाई विरोध मार्च' निकाला। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में कार्यकर्ताओं ने संसद से नरेंद्र गायब,देश से सिलेंडर गायब जैसे तीखे नारों के साथ केंद्र सरकार को घेरा। प्रदर्शन का आगाज़ कटरा बाजार से हुआ,जो शहर के प्रमुख चौराहों से होता हुआ रेस्ट हाउस पहुंचा।विरोध के अनोखे तरीके के रूप में महिलाओं ने सड़क पर लकड़ी के चूल्हे पर रोटियां बनाकर गैस की कीमतों के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। सभा को संबोधित करते हुए धर्मेश घई ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर लगाम लगाने में विफल रही है,जिससे आम जनता की रसोई का बजट बिगड़ गया है।ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति और अन्य वक्ताओं ने भी सरकार की नीतियों को संवेदनहीन बताया।इस प्रदर्शन में तिरंगे,कांग्रेस के झंडे और सिलेंडरों के कटआउट लेकर बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक गैस की कीमतों में कमी और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित नहीं होती,उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### एकेएस में 'कोनियाप्स-32' का समापन,युवा शोधकर्ताओं ने प्रस्तुत किए नवाचार

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस संकाय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 32वें अंतरराष्ट्रीय भौतिक विज्ञान सम्मेलन 'कोनियाप्स-32' (CONIAPS-XXXII) का रविवार को समापन हुआ। विज्ञान ,प्रौद्योगिकी,गणित तथा संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर केंद्रित इस सम्मेलन में देश - विदेश के सैकड़ों वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान कुल 50 मौखिक प्रस्तुतियां और 50 पोस्टर प्रस्तुतियां की गईं,जिनमें समकालीन वैज्ञानिक शोध और नवाचारों पर चर्चा हुई।

### वार्ड 15 में 27 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**मैहर।** महापौर योगेश ताम्रकार ने वार्ड 15 में 27.13 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी और पार्षद ममता सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। महापौर ने शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने हेतु निरंतर विकास कार्यों का संकल्प दोहराया।

### संकल्प से समाधान अभियान का तीसरा चरण आज से

**कटनी।** शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे। इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जा रहें हैं। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार कियें जाएगें। संकल्प से समाधान अभियान का तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा।

# एयरपोर्ट भूमि विवादः हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले पर लगाई रोक, यथास्थिति बरकरार रखने के निर्देश

**सतना। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने सतना के रघुराजनगर स्थित एयरपोर्ट से सटी करोड़ों रुपये की निजी भूमि को सरकारी घोषित करने के जिला प्रशासन के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ताओं को उनकी भूमि से बेदखल न किया जाए और विवादित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखी जाए।**

## मामले की मुख्य बातें

न्यायमूर्ति की एकलपीठ ने राज्य शासन,सतना कलेक्टर और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मेसर्स विंध्या बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड व अन्य भू-स्वामियों ने याचिका दायर कर आरोप लगाया कि फरवरी 2026 में एसडीएम द्वारा बिना किसी वैध अधिग्रहण प्रक्रिया या मुआवजे के उनकी पैतृक भूमि को सरकारी घोषित कर दिया गया। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रशासन ने भू-राजस्व संहिता की धारा 115 का दुरुपयोग करते हुए राजस्व रिकॉर्ड में फेरबदल किया है।

## प्रशासनिक कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल

अदालत में दी गई दलीलों के अनुसार, याचिकाकर्ताओं के पास मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता लागू होने के समय से ही भूमि स्वामित्व के वैध दस्तावेज मौजूद हैं। याचिका में निम्नलिखित विसंगतियों को रेखांकित किया गया है। भूमि को सरकारी घोषित करने से पहले न तो कोई अधिसूचना जारी की गई और न ही कानूनन अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाई गई।प्रशासन यह स्पष्ट करने में विफल रहा कि किस सरकारी आदेश के तहत इस निजी भूमि को 'नभ विभाग' या 'एरोड्रम' की संपत्ति माना गया। रिकॉर्ड के अनुसार, एरोड्रम की भूमि खसरा नंबर 104/2 और 126/2 में दर्ज है,लेकिन प्रशासन ने अन्य निजी खातों की भूमि पर कार्रवाई कर दी,जिससे पूरी प्रक्रिया की वैधानिकता संदिग्ध हो गई है। प्रशासन मामले से संबंधित समस्त रिकॉर्ड न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करे। जब तक अगली सुनवाई नहीं होती,भू-स्वामियों के स्वामित्व और कब्जे के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

## आगे क्या?

अब राज्य सरकार और संबंधित विभागों को यह साबित करना होगा कि उन्होंने किस वैधानिक आधार पर निजी भूमि के रिकॉर्ड बदले। यदि प्रशासन ठोस दस्तावेज पेश नहीं कर पाता है,तो यह मामला भूमि अधिग्रहण के नियमों के उल्लंघन का एक बड़ा उदाहरण बन सकता है। फिलहाल,उच्च न्यायालय के इस हस्तक्षेप से निजी भू-स्वामियों को बड़ी राहत मिली है।

# करोड़ों की 'शत्रु संपत्ति' पर निजी कब्जा, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप

**' पाकिस्तानी' मालिकाना हक के रूप में दर्ज थीं,वे आज रहस्यमयी तरीके से एक निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज हो चुकी हैं।**

**सतना।** शहर के उमरी क्षेत्र में स्थित बेशकीमती 'शत्रु संपत्ति' को खुर्द-बुर्द कर निजी हाथों में सौंपने का एक बड़ा सनसनीखेज मामला सामने आया है। दशकों पहले जो जमीनें सरकारी अभिलेखों में ' पाकिस्तानी' मालिकाना हक के रूप में दर्ज थीं,वे आज रहस्यमयी तरीके से एक निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज हो चुकी हैं। मामला उजागर होते ही प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

## क्या है पूरा विवाद?

राजस्व अभिलेखों की पड़ताल में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वर्ष 1954-55 और 1958-59 के रिकॉर्ड के अनुसार,पटवारी हल्का बगहा के ग्राम उमरी की आराजी नंबर 343,344,348,349, 351/ 367 और 352 के मूल स्वामी मोहम्मद यूसुफ पिता दलेल खां थे।दस्तावेजों में उनके नाम के आगे स्पष्ट रूप से 'पाकिस्तानी' अंकित था। नियमतः,जो व्यक्ति देश विभाजन के समय भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए,उनकी संपत्तियां 'कस्टोडियन ऑफ एनिमी प्रॉपर्टी फॉर इंडिया' (भारत के लिए शत्रु संपत्ति का संरक्षक) के अधीन मानी जाती हैं। लेकिन,उमरी की इन जमीनों के साथ खेल किया गया और वर्तमान रिकॉर्ड में यह बेशकीमती जमीन घनश्यामदास अग्रवाल के नाम पर दर्ज पाई गई।

## प्रशासनिक हंटरः जांच के घेरे में नामांतरण

मामला संज्ञान में आते ही एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया ने इसे अत्यंत गंभीर माना है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से संबंधित हल्के के पटवारी विजय सिंह को आदेश दिया गया है कि खसरे के कैफियत कॉलम में इन जमीनों के क्रय-विक्रय और नामांतरण पर तत्काल प्रतिबंध दर्ज करें। तहसीलदार रघुराजनगर को निर्देशित किया गया है कि वे बंदोबस्त काल से लेकर वर्तमान तक हुए सभी नामांतरणों की बारीकी से जांच करें। जांच पूरी होने तक भूमि के बटांकन (हिस्सा बंटवारा),हस्तांतरण या किसी भी प्रकार के डायवर्जन पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है।

## गंभीर सवालः कैसे बदली सरकारी जमीन की मिल्कियत?

यह मामला केवल एक त्रुटि नहीं,बल्कि एक सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करता है। सवाल यह है कि जब जमीन का मूल स्वामी पाकिस्तान चला गया था और विधिक स्वामित्व भारत सरकार के पास था,तो बिचौलियों और राजस्व कर्मियों की मिलीभगत के बिना यह निजी नाम पर कैसे चढ़ गई? पटवारी ने पुष्टि की है कि खसरे में 'शत्रु संपत्ति' दर्ज कर दी गई है और जांच की आंच अब उन तमाम कड़ियों तक पहुंचेगी जिन्होंने इस सरकारी संपत्ति को निजी लाभ के लिए हड़पने की कोशिश की। यदि जांच में नामांतरण अवैध पाए जाते हैं,तो करोड़ों की यह जमीन वापस सरकार के खाते में जाएगी और संबंधित दोषियों पर गाज गिरना तय है।

# मलगांव में मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न

**207 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण**



**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्राम मलगॉव में निःशुल्क बृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस शिविर में आये हुये 207 मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श भी प्रदान किया गया। साथ ही,निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस शिविर में विशेष रूप से महिलाओं,बुजुर्गों और बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर डीडी मिश्रा ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकर द्वारा 14 से 15 वर्ष की बच्चियों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिला प्रशासन द्वारा विशेष कैंप लगा करके टीका कारण कराया जा रहा है इस टीकाकरण में आप सभीलोग भाग लेकर बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाए। जिला प्रशासन के इस महा अभियान को सफल बनाएं डीजीएम सीएसआर एंड पीआर,देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि, जगत नारायण त्रिपाठी (उपसरपंच),अध्यक्ष रामबली साकेत (समाजसेवी),विशिष्ट अतिथिगण कृष्णपाल सिंह (पूर्व सरपंच),नरेंद्र सिंह तिवारी (समाजसेवी),अशोक द्विवेदी (समाजसेवी) और प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड से डॉ मनीष कुमार सिन्हा हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर, डॉ डी डी मिश्रा वीपी मेडिकल सर्विसेज एवं डी.के.सिंह (जीएम माइंस) व उपस्थित चिकित्सकों द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया गया।इस अवसर पर श्री मिश्रा ने प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि आज के शिविर में डॉ.डी.डी. मिश्रा (हड्डीरोग विशेषज्ञ),डॉ.शेफाली जैन (मेडिसिन विशेषज्ञ),डॉ.अपर्णा अग्रवाल (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ),डॉ.सतीश त्रिपाठी (दंत रोग विशेषज्ञ) और डॉ.नीरज सिंह (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये डॉ मनीष कुमार सिन्हा जी हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर ने कहा कि इस स्वास्थ्य शिविर से हमारे ग्रामवासियों को निश्चित रूप से उन विशेषज्ञों का लाभ मिलेगा,जिनके लिये हमे जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता है। नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर हम गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।

# प्रभारी मंत्री का दौराः रस्म अदायगी में सिमटे विजय वर्गीय, समस्याओं के भंवर में जनता

**सतना। लंबे अंतराल के बाद जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का सतना आगमन हुआ था, लेकिन यह दौरा उम्मीदों के विपरीत पूरी तरह 'बेअसर' साबित हुआ। जनता को उम्मीद थी कि मंत्री जी के आने से जिले की ठप पड़ी विकास योजनाओं को गति मिलेगी,लेकिन विजयवर्गीय का पूरा कार्यक्रम केवल अफसरों की बैठक और रस्म अदायगी तक ही सीमित रहा।**

## बैठक और वैवाहिक कार्यक्रमों तक रहा फोकस

प्रभारी मंत्री सतना पहुंचे,कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक की और फिर सीधे अपनी ही पार्टी के एक रसूखदार नेता के घर वैवाहिक समारोह में शामिल होने निकल गए। इसके बाद वे वापस रवाना हो गए। पूरे दौरे के दौरान मंत्री जी के एजेंडे में जिले की मूलभूत सुविधाओं-जैसे जर्जर सड़कें, स्वास्थ्य व्यवस्था-पर कोई गंभीर चर्चा नजर नहीं आई।

## तालमेल बिठाने में नाकाम रहे 'कैलाश'

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि प्रभारी मंत्री जिले के कद्दावर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य बैठाने में असफल हो रहे हैं। सतना के मंत्री,विधायक,महापौर और सांसद के बीच जिस 'वर्किंग तालमेल' की जरूरत है,वह कहीं दिखाई नहीं दे रहा। जिले की नई विकास रूपरेखा तैयार करने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर कोई ठोस विचार-मंथन नहीं किया गया।

## जनता के हाथ लगी निराशा

जब जिले के मुखिया और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल का अभाव हो,तो खामियाजा सीधे जनता को भुगतना पड़ता है। सतना की जनता आज भी तमाम बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। लोगों का कहना है कि अगर प्रभारी मंत्री का दौरा केवल 'हाजिरी' लगाने तक ही सीमित है,तो फिर इससे जिले की तस्वीर बदलने की उम्मीद बेमानी है।

# मैहर में साहू समाज युवा संगठन द्वारा माँ कर्मा देवी जयंती पर भव्य बाइक रैली, उमड़ा उत्साह



मैहर।

माँ कर्मा देवी जयंती के पावन अवसर पर साहू समाज जिला मैहर द्वारा भव्य बाइक रैली का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ कर्मा देवी का भव्य रथ तैयार किया गया,जिसमें माँ कर्मा देवी और भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी सजाकर पूरे शहर में जुलूस निकाला गया,जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। बाइक रैली का शुभारंभ किला चौक,मैहर से किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों घंटाघर, चंडी देवी,स्टेट बैंक चौराहा और अलाउद्दीन चौक से होते हुए अग्रसेन चौक पहुँची,जहाँ इसका समापन किया गया। रैली के दौरान युवाओं ने समाज की एकता,संगठन और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया कार्यक्रम के समापन अवसर पर अग्रसेन चौक में भंडारे (जगन्नाथ का भात जगत पसारे हाथ) का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में साहू समाज के वरिष्ठ जन,युवा एवं महिलाएँ भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। साहू समाज के पदाधिकारियों ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकता और सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जनता के 'मजबूत स्तंभ' पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह पंचतत्व में विलीन; राजनीतिक व सामाजिक जगत में शोक की लहर

सतना। नागौद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह के आकस्मिक निधन पर जिले के विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं और समाजसेवियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। रविवार को उनके अंतिम संस्कार में जनसैलाब उमड़ पड़ा,जहाँ उपस्थित जनसमूह ने नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी।

## संघर्षशील और सर्वस्पर्शी व्यक्तित्व के धनी थे यादवेंद्र सिंह

जदयू के वरिष्ठ नेता और अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यादवेंद्र सिंह एक शानदार जननेता थे। उन्होंने हमेशा शोषितों और वंचितों के हक के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद की। उनका निधन एक अपूरणीय क्षति है। उनकी व्यवहार कुशलता और जनहित के मुद्दों पर किए गए संघर्ष को हमेशा आदर के साथ याद किया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाज सेवी मनीष तिवारी ने उन्हें 'जिंदादिल' और 'सर्वस्पर्शी' नेता बताया। अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्होंने कहा स्व.यादवेंद्र सिंह ने हमेशा जन-भावनाओं को सर्वोपरि माना। अपने बेबाक अंदाज और निडर शख्सियत के कारण वे समाज के हर वर्ग में लोकप्रिय थे। उनके जाने से सेवा की राजनीति करने वाला एक युग समाप्त हो गया है।

## समाज ने खो दिया एक मजबूत स्तंभ

प्रसिद्ध समाज सेविका डॉ.स्वप्ना वर्मा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यादवेंद्र सिंह का व्यक्तित्व बेहद सरल और मिलनसार था। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीब,किसान और मजदूरों की समस्याओं के समाधान में समर्पित कर दिया। उनका जाना केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र के लिए भी एक बहुत बड़ा घाटा है।

## सर्वहारा वर्ग के सच्चे मसीहा

भाजपा नेता श्याम लाल गुप्ता 'श्यामू' ने उनके योगदान को नमन करते हुए कहा कि यादवेंद्र सिंह सर्वहारा वर्ग के सच्चे नेता थे। उन्होंने कहा यादवेंद्र जी हर वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनते थे। उनके कर्मठ और संवेदनशील नेतृत्व के कारण क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी गई। वे पंचतत्व में विलीन जरूर हो गए हैं,लेकिन उनके जनसेवा के कार्य सदैव जीवित रहेंगे। जिले के समस्त प्रबुद्धजनों और राजनेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।



# ड्राइवर महासंघ की 'भोपाल चलो' पदयात्राः मैहर में हुआ भव्य स्वागत

मैहर।

मध्य प्रदेश ड्राइवर महासंघ के तत्वावधान में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर निकाली जा रही 'भोपाल चलो' पदयात्रा का मैहर पहुंचने पर 'बम-बम लहरी ग्रुप' द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यह यात्रा प्रदेश के 55 जिलों के ड्राइवरों को एकजुट कर उनके हक और सम्मान की आवाज उठाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। महासंघ की प्रमुख मांगों में ड्राइवर आयोग का गठन,ड्राइवरों को सरकारी आवास योजना का लाभ,निःशुल्क बीमा और समाज में उचित मान-सम्मान दिलाना शामिल है। जानकारी के अनुसार,सभी जिलों से शुरू हुई यह यात्रा कटनी में एकत्रित होगी और दमोह,सागर,विदिशा व रायसेन होते हुए भोपाल पहुंचेगी। आगामी 8 अप्रैल 2026 को बड़ी संख्या में ड्राइवर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर अपना ज्ञापन सौंपेंगे। स्वागत कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत मेंडुली (अज्जू भाई) सहित प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। मैहर से प्रदीप सिंह,राकेश रजक और प्रमोद पटेल सहित सैकड़ों ड्राइवर भाइयों ने इस पदयात्रा में हिस्सा लेकर एकजुटता का परिचय दिया। ड्राइवरों का कहना है कि वे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं,फिर भी उनकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर सरकार गंभीर नहीं है।

**खबर संक्षेप**

## तेज रफ्तार बोलेरो घर में घुसी, टपरा टूटा, एक लाख का नुकसान

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिलहटा में तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर एक घर की दीवार से टकरा गया, जिससे मवेशी बांधने का टपरा पूरी तरह टूट गया। घटना में करीब एक लाख रुपये का नुकसान बताया गया है। ग्राम बिलहटा निवासी शीतल आदिवासी (32) ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 13 मार्च की रात करीब 9 बजे तेज आवाज सुनकर बाहर निकली तो एक बोलेरो वाहन घर की दीवार से टकराया मिला। वाहन चालक गांव का ही बेटा आदिवासी था, जो गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया। वाहन का नंबर डच्3र्4 ॅ1436 बताया गया है। पुलिस ने शनिवार की दोपहर 1:00 रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भजन-कीर्तन से ही संभव है कलियुग में भवसागर से पाररू धर्माधिकारी पं. भगवत कृष्ण जी महाराज



**पन्ना।** सुप्रसिद्ध कथावाचक और धर्माधिकारी पं. भगवत कृष्ण जी महाराज (सागर) ने ऐतिहासिक धर्मनगरी पन्ना पहुँचकर आराध्य देव श्री जुगल किशोर जी महाराज के दर्शन-पूजन किए। मंदिर प्राशंग में दर्शन के उपरांत महाराज श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ भक्तिमय भजन-कीर्तन किया और सनातन धर्म संस्कृति में कीर्तन की महिमा पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महाराज श्री ने शास्त्रों के प्रमाण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा "यत्फलं नास्ति तपसा न योगेन समाधिनः। तत्फलं लभते सम्यक कलौ केशव कीर्तनात।।" अर्थात जो फल कठिन तपस्या, योग और समाधि से प्राप्त नहीं होता, वह कलियुग में केवल भगवान केशव (श्री कृष्ण) के संकीर्तन मात्र से सहज ही प्राप्त हो जाता है। उन्होंने जोर दिया कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में कीर्तन ही मन की शांति और ईश्वर प्राप्ति का सरलतम मार्ग है। इस भक्तिमय अवसर पर महाराज श्री के साथ ग्वालियर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा एवं राम बिहारी गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सड़क के गड्ढे बने काल- रांग साइड आए ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर



**पन्ना।** पन्ना-कटनी रोड की जर्जर हालत और जानलेवा गड्ढों ने आज रविवार 15 मार्च को एक और हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। शाहनगर थाना क्षेत्र के केन नदी के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गड्ढों से बचने की कोशिश में एक अनियंत्रित बाक्साइड से भरे ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल एक युवक ने कटनी पहुंचते ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

**हादसे का मंजर- गड्ढों ने बिछाया मौत का जाल-**

प्रत्यक्षदर्शी आशीष पाण्डेय ने बताया कि सड़क पर इतने बड़े और खतरनाक गड्ढे हैं कि वहां से वाहन निकालना किसी चुनौती से कम नहीं है। एक ट्रक चालक सड़क पर मौजूद गहरे गड्ढों से अपने वाहन को बचाने की कोशिश कर रहा था। इसी फेर में ट्रक अचानक रॉन्ग साइड (गलत दिशा) पर आ गया। उसी वक्त सामने से आ रही बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। एक युवक तो ट्रक के नीचे तक जा घुसा था।

**पुलिस और राहगीरों ने संभाला मोर्चा-**

घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद वन रक्षक आशीष पांडेय एवं राजकमल पांडेय और अन्य राहगीरों ने सक्रियता दिखाई। सूचना मिलते ही शाहनगर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ब्भ्ब्) शाहनगर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया। हादसे का शिकार हुए तीनों युवक पड़ोसी जिले कटनी के निवासी हैं जिनमें भारत केवट (22 वर्ष) दृ निवासी ग्राम पिपरा, थाना विजयराघवगढ़, राजकुमार केवट (24 वर्ष) दृ निवासी ग्राम पिपरा, थाना विजयराघवगढ़ एवं अमित केवट (28 वर्ष) दृ निवासी ग्राम पिपरा, थाना विजयराघवगढ़। बताया जा रहा है कि तीनो अमानगंज सीमेंट प्लांट में कार्यरत थे जो रविवार होने की वजह से अपने घर बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, कटनी पहुंचते ही इलाज शुरू होने से पहले ही एक युवक ने दम तोड़ दिया है। अन्य दो घायलों का उपचार जारी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पन्ना-कटनी रोड की हालत लंबे समय से जर्जर है। सड़क पर बने ये गड्ढे आए दिन हादसों को दावत दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन मौन है। आज की घटना ने एक बार फिर सड़क सुधार की कछुआ चाल और लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




## पत्नी-भाई ने मिलकर मजदूर की कर दी पिटाई डंडे से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

**अमानगंज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौती में पारिवारिक विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पत्नी और छोटे भाई द्वारा मिलकर मजदूर के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अमानगंज में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार राकेश उर्फ राजू कोरी (40 वर्ष) निवासी ग्राम हिनौती अपने भांजे आकाश कोरी के साथ थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है और परिवार में दो भाई हैं, जिनमें छोटा भाई जयप्रकाश कोरी अलग रहता है। फरियादी के अनुसार 14 मार्च 2026 की रात करीब 10:30 बजे वह घर में बैठकर अपनी मां से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी सरोज कोरी वहां आई। उसने पत्नी से घर की संध्या अगरबत्ती करने और छोटे भाई जयप्रकाश के घर में रहने की बात पूछी, जिस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान सरोज कोरी ने बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। इसी बीच छोटा भाई जयप्रकाश कोरी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए फरियादी पर हमला कर दिया। डंडे से एक वार दाहिने पैर की गठान पर और दूसरा पीठ पर किया गया। फरियादी के शोर मचाने पर हरि सिंह राजपूत और महेंद्र रेले मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते समय जयप्रकाश ने धमकी दी कि यदि उसने दोबारा उसकी पत्नी से कुछ कहा तो जान से खत्म कर देगा। मारपीट से फरियादी के दाहिने पैर की गठान में चोट और पीठ में दर्द बताया जा रहा है। रात होने के कारण वह तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं पहुंच सका और सुबह थाना अमानगंज पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मारपीट व गाली-गलौज सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जगदीश स्वामी मंदिर के पास मचाया कोहराम, खड़ी स्कॉर्पियो से टकराकर



**पवई-** नगर के व्यस्ततम क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक अनियंत्रित ट्रैक्टर अस्पताल और जगदीश स्वामी मंदिर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तेज रफ्तार में आ रहा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक स्कॉर्पियो वाहन से टकरा गया और इसके बाद पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर के पिलर से टकराकर रुक गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर अमानगंज की एक एजेंसी से ग्राम झुकेही डिलीवरी के लिए भेजा जा रहा था। बताया जा रहा है कि चालक ने ट्रैक्टर को एजेंसी में रात भर तैयार किया था और सुबह उसे लेकर झुकेही के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में अचानक चालक को नींद आ जाने के कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। दुर्घटना स्थल अस्पताल और जगदीश स्वामी मंदिर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर स्थित है, जहां दिन भर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि उस समय सड़क पर अधिक भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रैक्टर की टक्कर से स्कॉर्पियो वाहन को नुकसान पहुंचा है, वहीं ब्यूटी पार्लर के पिलर में भी क्षति आई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और स्थिति का जायजा लिया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। बाद में क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को मौके से निकलवाकर अमानगंज भिजवाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के इस व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार अक्सर हादसों का कारण बनती है।

**3 करोड़ 1 लाख से अधिक की अवार्ड राषि पारित, 983 व्यक्ति लाभांवित**

## नेशनल लोक अदालत में हुआ आपसी राजीनामा के जरिए लंबित प्रकरणों का निराकरण



**पन्ना।** राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेषानुसार षनिवार को जिला न्यायालय पन्ना सहित पवई एवं अजयगढ़ न्यायालय में नेषनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी राजीनामा के जरिए लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 3 करोड़ 1 लाख 29 हजार 95 रूपए की अवार्ड राषि पारित की गई। इस दौरान कुल 983 व्यक्ति लाभांवित हुए। जिला न्यायालय पन्ना में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा मां वीणावादिनी एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर नेषनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पक्षकारों से राजीनामा योग्य अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण करवाकर लंबी न्यायिक प्रक्रिया से मुक्ति पाने का आह्वान किया गया। शुभारंभ अवसर पर प्रधान न्यायाधीष कुटुम्ब न्यायालय रूपेष शर्मा, विषेष न्यायाधीष एवं नोडल अधिकारी प्रदीप कुषवाह, जिला न्यायाधीष सुरेन्द्र मेश्राम एवं अरविन्द शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रितिका पाठक मिश्रा, जेएमएफसी बिन्दु पटेल, इकरा मिन्हाज, भूपेन्द्र सिंह, श्वेता आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एस.पी.एस. बघेल, अधिवक्ता रामलाल प्रजापति, रोहित जैन, महेष पटेल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह एवं पवन कुमार पाण्डेय तथा असिस्टेंट विजयलक्ष्मी सहित अन्य अधिवक्तागण तथा प्राधिकरण के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। प्राधिकरण के सचिव ने जानकारी दी कि नेषनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय पन्ना में 8 तथा तहसील न्यायालय पवई एवं अजयगढ़ में क्रमषः 3 एवं 1 खंडपीठ का गठन किया गया था। नेषनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ ही प्रिलिटिगेषन के 627 प्रकरणों का निराकरण कर समझौता राषि एक करोड़ 14 लाख 52 हजार 255 रूपए तथा लंबित 220 प्रकरणों का निराकरण कर समझौता राषि एक करोड़ 86 लाख 76 हजार 840 रूपए की अवार्ड राषि पारित की गई।




**आपसी सहमति से संपत्ति विवाद का सफल समाधान-**

नेषनल लोक अदालत में बेनीसागर मोहल्ला स्थित लगभग 2400 वर्गफुट के मकान क्रमांक 532 के स्वामित्व, उपयोग व पानी निकासी की पाईपलाइन संबंधी वाद का प्रकरण द्वितीय व्यवहार न्यायाधीष पन्ना न्यायालय के समक्ष लंबित था। वादी राजेन्द्र प्रसाद वाजपेयी बनाम राजकिषोर एवं अन्य में पारिवारिक संपत्ति संबंधी विवाद का सफल समाधान किया गया। सकारात्मक संवाद व समझाईष के फलस्वरूप दोनों पक्षकारों ने आपसी सहमति से विवाद का निपटारा करने का निर्णय लिया, जिससे नेषनल लोक अदालत के माध्यम से लंबी अवधि के पारिवारिक सम्पत्ति विवाद का त्वरित समाधान संभव हो सका। इसी तरह खंडपीठ क्रमांक 2 में पति-पत्नि ने समझाईष एवं परामर्ष उपरांत वैवाहिक जीवन को पुनः सामान्य रूप से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया एवं आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने की सहमति व्यक्ति की। इस प्रकरण में जिला पन्ना के न्यायालय में धारा 9 हिंदू विवाह अधिनियम अंतर्गत दाम्पत्य जीवन के पुनसर्स्थापन से संबंधित मामले का निराकरण किया गया। आवेदक अतुल पाण्डेय एवं अनावेदिका आकांक्षा का विवाह 3 मई 2022 को संपन्न हुआ था। कुछ समय बाद दंपत्ति में आपसी मतभेद उत्पन्न हो गए थे। अब स्वेच्छा से दोनों पक्ष द्वारा प्रकरण वापस लेने के फलस्वरूप लोक अदालत में वैवाहिक विवाद का सौहार्द्रपूर्ण निराकरण हुआ।

## कोतवाली थाना क्षेत्र में अशोका होटल के सामने कट्टे से हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो कट्टा, कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल जप्त**

**पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देषन में जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पन्ना पुलिस ने अषोका होटल के सामने कट्टे से हवाई फायर कर दहषत फेलाने की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले में फरियादी विवेक शुक्ला पिता गोविन्द प्रसाद शुक्ला, उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम पनगरा थाना सिंहपुर जिला सतना, हाल मैनेजर अषोका होटल पन्ना द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 08.03.2026 को रात करीब 11:00 बजे मैं होटल का मेन गेट बंद कर गेस्ट रूम में चला गया था।**



इसी दौरान तेज आवाज सुनाई देने पर बाहर जाकर देखा तो तीन युवक मुँह पर कपड़ा बाँधे खड़े थे, जिनमें से दो के हाथ में कट्टा था। आरोपियों द्वारा गाली-गलौज करते हुए होटल के गेट एवं आसमान की ओर 4-5 राउंड फायर किये तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 180/26 धारा 296(बी), 125, 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा मामले की संपूर्ण जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व एसडीओपी पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्षन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में विषेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया तथा साइबर सेल की तकनीकी सहायता से संदेह के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा 02 संदेही व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जिनके द्वारा अपने नाम पता पुलिस टीम को बताये गये घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर संदेहियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में अषोका होटल के मालिक एवं होटल कर्मचारियों द्वारा उनके विरुद्ध हरिजन एक्ट की रिपोर्ट की गई थी, जिसकी रंजिष के चलते हमने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चारपहिया वाहन से पन्ना आकर रूपसी ढाबा के पास वाहन खड़ा किया और फिर अपाचे मोटरसाइकिल से अषोका होटल पहुंचकर कट्टों से हवाई फायर कर दहशत फैलाने की घटना को अंजाम दिया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से दो नग देशी कट्टा (315 बोर), दो नग जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल जप्त की गई है । मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का भी इजाफा किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी -**

1. सुनील यादव पिता प्रताप सिंह यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी डोभा थाना कोतवाली जिला पन्ना (म.प्र.) 2. दीपक सिंह राजपूत पिता नारायण सिंह राजपूत, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम इटवाकला थाना कोतवाली पन्ना।

**जप्त मशरूका -**

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 नग देशी कट्टा (315 बोर) कीमती लगभग 10,000 रूपये , 02 नग जिंदा कारतूस कीमती लगभग 400 रूपये एवं 01अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक डच्3र्5ब्9622 कीमती लगभग 90,000 रूपये सहित कुल मशरूका कीमती करीब 01 लाख 400 रूपये का जप्त किया गया है ।

**सराहनीय भूमिका -**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, उप निरीक्षक कमल विक्रम पाठक, प्रधान आरक्षक वृषकेतु रावत, संतोष तोमर, आइमात सेन, अशोक सिंह, आरक्षक संदीप तिवारी, सत्यनारायण अग्निहोत्री, राहुल सूर्यवंशी, प्रसंग मिश्रा, सुजीत यादव, बृजगोपाल बागरी तथा पुलिस साइबर सेल पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पन्ना पुलिस द्वारा 9 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात से गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देषानुसार पन्ना जिले में स्थाई, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली हेतु चलाये जा रहे विषेष अभियान के अंतर्गत थाना बृजपुर पुलिस टीम द्वारा वर्षो से फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्षन में जिले के समस्त थाना/चौकियों में थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में अधिक से अधिक वारंटों की तामीली हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी क्रम में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक शक्ति प्रकाष पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना के प्रकरण क्रमांक 59/18 में 09 वर्ष से फरार वारण्टी मानवेन्द्र पाल पिता रामनाथ, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम सट्टी जिला कानपुर देहात (उ.प्र.) को उत्तर प्रदेष के कानपुर देहात से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। मामले में वारण्टी के विरुद्ध थाना बृजपुर के अपराध क्रमांक 155/17 में मध्यप्रदेष गौवंष प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4/9, 6/9 तथा पषु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 में माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी करीब 09 वर्षों से फरार चल रहा था और पुलिस से बचने के लिए लगातार स्थान बदलता रहा। पुलिस टीम द्वारा वारण्टी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेष किया गया है।



**सराहनीय योगदान -**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक शक्ति प्रकाष पाण्डेय, प्रधान आरक्षक प्रदीप हरदेनिया, आरक्षक अमर सिंह, दिलीप शर्मा, चौकी सिविल लाइन आरक्षक रामगोपाल शुक्ला तथा पुलिस साइबर सेल पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए फील्ड ट्रेनर्स नामांकित

**पन्ना।** जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार पन्ना जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए नगरीय निकाय एवं तहसीलवार फील्ड टेनर्स नामांकित किए गए हैं। इसके अलावा रिजर्व और अतिरिक्त रिजर्व फील्ड टेनर्स का नामांकन भी किया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऊषा परमार द्वारा चयनित फील्ड ट्रेनर्स के समस्त प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**कार्यालय नगर परिषद् देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना (म.प्र.)**

क्रमांक/513/रा.शा./ई-निविदा/2026 **ई-निविदा आमंत्रण-सूचना** देवेन्द्रनगर दिनांक 13.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा आमंत्रण | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा क्रय करने की तिथि एवं अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD _490505_1 | Upbhokta prabhar bus stand wasuli theka 2026-27 | Time: 1 year Rs: 903100 | Frist call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 40000/- | 16.03.2026 10:30 AM To 31.03.2026 05:30 PM |

नोट :- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। 2- समस्त शर्ते कायार्लीन समय में राजस्व शाखा में जाकर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् देवेन्द्रनगर जिला - पन्ना (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप



### जगदीश नामदेव बने नामदेव समाज राजनगर ब्लॉक के निर्विरोध अध्यक्ष

**राजनगर।** नामदेव समाज के मंदिर राजनगर में तहसील क्षेत्र के समस्त समाज बंधुओं का होली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह एवं एकजुटता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें सर्वसम्मति से जगदीश नामदेव को राजनगर तहसील एवं नामदेव समाज मंदिर का अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिया गया। नए कार्यकारिणी में ठाकुर दास नामदेव (गंज) एवं संतोष नामदेव (खजुआ) को उपाध्यक्ष, जमुना प्रसाद नामदेव को कोषाध्यक्ष, राकेश नामदेव (वकील) को सचिव, लखन नामदेव (लखेरी) को संगठन मंत्री, नितिन नामदेव को सह-सचिव, अशोक नामदेव (बमीठा) को मीडिया प्रभारी, राजू नामदेव को सलाहकार तथा पुरुषोत्तम एवं अमित नामदेव को सह-संगठन मंत्री के पद पर चुना गया।

### अलग-अलग स्थानों से दो मोटर साइकिल हुई चोरी

**कटनी।** कोतवाली और माधवनगर थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी कचहरी पार्किंग से एक बाइक चोरी हो गई। फरियादी मोहित कुमार बर्मन निवासी ग्राम कन्हवारा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि मोटर साइकिल क्रमांक MP 21 MK 4548 को खड़ी कर काम से चला गया। जब वापस लौटा तो वाहन वहां नहीं था। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह माधवनगर थाना क्षेत्र के कुम्हार मोहल्ला कलारी के पास से अमित बर्मन की बाइक चोरी हुई। अमित वार्ड क्रमांक 9 शारदा चौक निवार का निवासी है। उसकी बाइक क्रमांक MP 21 MR 7407 मेन रोड के पास से अज्ञात चोर उड़ा ले गए।

### राशन दुकान से गेहूं एव चावल ले गये चोर

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम खड़ौला स्थित सरकारी राशन पर चोरो ने वारदात को अंजाम देते हुए दुकान का ताला तोड़कर 23 क्विंटल गेहूं-चावल पारकर दिया। सेल्समैन दुर्गा चौधरी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोरों ने राशन दुकान में सेंध लगाकर भारी मात्रा में अनाज पार कर दिया। दुकान से 16 क्विंटल 79 किलो गेहूं और 7 क्विंटल 7 किलो चावल गायब हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 20,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए) BNS के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दिन दिहाड़े हजारों रूपये कीमती जेवरात चोरी

**कटनी।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव में दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और कीमती जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। लालजी गड़ारी 65 वर्ष ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 4:00 से 4:30 बजे के बीच जब घर पर कोई नहीं था, तब अज्ञात आरोपियों ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी में रखे चांदी के टोडर, डोरा और करीब 50,000 रुपये नगद चोरी कर लिए। घटना की जानकारी तब लगी जब परिवार के सदस्य घर वापस लौटे। पुलिस ने धारा 331(3), 305(a) BNS के तहत मामला दर्ज कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

### निगमाध्यक्ष ने नागरिकों से संवाद कर समस्याएं सुनीं

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करते हुए नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमाध्यक्ष ने लोक अदालत में पहुंचे नागरिकों से आत्मीयतापूर्वक संवाद किया।

## प्रशासन के दावे हो रहे फेल, सिलेंडर पाने के लिए एजेंसियों में लग रही भीड़

# रसोई गैस को लेकर जिले में मचा हाहाकार, जमाखोरी या कालाबाजारी?

छतरपुर।

**छतरपुर जिले में भी एक सप्ताह से रसोई गैस की किल्लत देखने को मिल रही है रसोई गैस पाने के लिए एजेंसियों में सुबह से देर शाम तक लम्बी लम्बी लाईने लगी रहती है। यह जमाखोरी है या कालाबाजारी?।**



जबकि प्रशासन द्वारा स्पष्ट दावे किए जा रहे है कि रसोई गैस की कोई किल्लत नही है। गैस एजेंसी संचालक भी यही बात दोहरा रहे है फिर यह प्रश्न विचारणीय है कि एजेंसियो में जनता का हुजुम क्यों उमड़ रहा है। जिन अधिकारियों कि डयूटी रसोई गैस वितरण के लिए लगाई गई है, वह अधिकारी मौका स्थल से नदारद रहते है। साथ ही जो कट्रोल रूम बनाया गया है और जिन अधिकारियों के नम्बर शिकायत के लिए प्रसारित किए गए है उन नम्बरों पर फोन लगाने से अधिकारी रिसीव तक नही करते है। अब समस्या और विकट उत्पन्न हो गई है क्योंकि नम्बर बुक करने पर बुक नही होते और मैसेज भी नही आते है ना ही एजेंसी संचालक फोन उठाते है। आखिर पब्लिक करे तो क्या करे प्रशासन केवल एक दावा कर रहा है कि गैस की कोई किल्लत नही है।

### होम डिलेवरी पूर्णतः ठप्प होने के लग रहे आरोप -

पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशानुसार एजेंसियों को होम डिलेवरी के निर्देश रहते है और होम डिलेवरी में एक उपभोक्ता पर एजेंसी संचालक को 30 रूपए मिलते है लेकिन एक सप्ताह से होम डिलेवरी भी पूरी तरह से ठप्प है। उपभोक्ताओं का डीएसी नम्बर आने के बाद भी उन्हें एक सप्ताह तक होम डिलेवरी में गैस उपलब्ध नही कराई जा रही है, जो व्यक्ति एजेंसियो से रशीद लेकर एजेंसी के गैस गोदाम पर जाता है, और उसे पूरे दिन लाईन में खड़ा रहना पड़ता है। आखिर एक बार फिर से गैस की किल्लत होने के कारण लोगों को वही पुराने दिन याद आने लगे है। मध्यप्रदेश सरकार भी यह दावा कर रही है कि रसोई गैस की कोई किल्लत नही है, जब रसोई गैस की कोई किल्लत नही तो यह स्थिति क्यों उत्पन्न हो रही है।

### चिलचिलाती धूप में महिलाएं भी हो रही परेशान -

अभी 8 मार्च को अतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया और महिलाओं के लिए बड़ी बड़ी बातें की गई, लेकिन उसके दो दिन बाद से ही महिलाओं को गैस पाने के लिए चिल चिलाती धूप में लाईन में खड़ा होना पड़ रहा है। ऊपर से पुलिस कर्मियों का अभद्र व्यवहार भी महिलाओं को सहना पड़ रहा है। आखिर जो बड़ी बड़ी बातें महिला दिवस पर महिलाओं के प्रति की जाती है, क्या उन पर कोई अमल होता है।

जब पूरे जिले में गैस की किल्लत देखने को मिल रही है तो ऐसी स्थिति में होटल संचालकों को गैस सिलेण्डर कहां से उपलब्ध हो रहें है। शुरूवात के दो दिनों में छापामार कार्यवाही जरूर की गई, लेकिन दो दिन बाद यह कार्यवाही ठड़े. बस्तें में पहुंच गई। कार्यवाही भी केवल खानापूर्ति के लिए की गई जबकि 5 सितारा होटलों, बड़े बड़े रेस्टोरेन्टों में आज मन माने सिलेण्डर उपयोग किए जा रहे।

रसोई गैस की किल्लत अचानक उत्पन्न होने के बाद एजेंसी संचालकों की मनमानी और उनका अभद्र व्यवहार देखने को मिल रहा है। जिससे उपभोक्ता आहत हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही के लिए अधिकारियों को नियुक्ति किया गया है, लेकिन यह अधिकारी एजेंसी संचालकों से सांठगांठ बनाकर उपभोक्ता का फोन तक रिसीव नही करते है। जिससे आम उपभोक्ता गैस की किल्लत से पूरी तरह से जूझ रहा है। और उसे हर काम छोड़कर गैस पाने के लिए चिल चिलाती धूप में लाईन में खड़ा होकर धक्का मुक्की सहना पड़ती है, तब कहीं ऐडी चोटी का जोर लगाने के बाद उसे गैस सिलेण्डर के दर्शन हो पाते है।

## काम्बिंग गस्त में 30 हजार के ईनामी सहित 173 आरोपी गिरफ्तार

### 518 गुण्डा निगरानी बदमाश जेल रिहाई को किया चेक



**छतरपुर।** पुलिस द्वारा विगत रात पूरे जिले के थाना स्थल पर काम्बिग गस्त चलाई गई और इस काम्बिंग गस्त के दौरान 30 हजार के ईनामी सहित 37 स्थाई वारंटी 65 गिरफ्तारी वारंटी 2 अबैध हथियार एक सट्टा चार अन्य और अबैध शराब के 66 सहित 173 आरोपी गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा 518 निगरानी बदमाश आदतन अपराधी और जेल रिहाई को भी चेक किया गया। इस अभियान में सिविल लाईन के 7 आरोपी कोतवाली के 6 आरोपी नौगांव के 6 आरोपी बमीठा के 7 आरोपी खजुराहो के 2 आरोपी हरपालपुर राजनगर गढीमलहरा गौरिहार लवकुशनगर के 2-2 आरोपी गिरफ्तार किए गए गौरिहार पुलिस ने ग्राम कितपुरा में अबैध हथियार का भय दिखाकर महिला व उसके परिजन के साथ मारपीट करने धमकाने के मामले में आरोपी बुद्व सिंह राजपूत पिता रामआसरे राजपूत निवासी कितपुरा थाना गौरिहार को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के पास से घटना में उपयोग किया गया अबैध हथियार देशी कट्टा और कुल्हाड़ी बरामद की गई और आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। कॉम्बिंग गस्त के दौरान ही जिले में 259 समन 186 जमानती वारंट तामिल किए गए और 335 प्रकरणों में 413 अनावेदकों के विरूद्व भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता के तहत प्रतिवंधात्मक कार्यवाही की गई काम्बिंग गस्त के दौरान ही गुण्डा एवं निगरानी बदमाशों जेल रिहाई के 518 और जिला बदर किए गए 10 आरोपियों की चैकिंग की गई।

## छतरपुर-कानपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन

छतरपुर।

**भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छतरपुर से कानपुर के मध्य नई इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन शुरू कर दिया गया है।भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छतरपुर से कानपुर के मध्य नई इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन शुरू कर दिया गया है। इस ट्रेन के शुरू होने से न केवल मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, बल्कि हमीरपुर जिले के सुमेरपुर और मौदहा क्षेत्र के यात्रियों के लिए कानपुर की राह अब और भी सुगम हो गई है।**



अभी तक सुमेरपुर और मौदहा क्षेत्र के यात्रियों को कानपुर जाने के लिए सीमित रेल सेवाओं या सड़क मार्ग पर निर्भर रहना पड़ता था। इंटरसिटी एक्सप्रेस के शुरू होने से अब व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और छात्रों को एक अतिरिक्त और सुविधाजनक विकल्प मिल गया है। स्थानीय लोगों ने रेलवे के इस निर्णय का स्वागत किया है, क्योंकि यह ट्रेन कम समय में और आरामदायक तरीके से गंतव्य तक पहुँचाने में सक्षम है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार, यह ट्रेन छतरपुर से चलकर खजुराहो, महोबा के रास्ते सुमेरपुर और मौदहा स्टेशनों पर रुकते हुए कानपुर पहुँचेगी। इन दोनों प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव दिए जाने से क्षेत्रीय यात्रियों को अब लंबी प्रतीक्षा या डग्गामार वाहनों के धक्के नहीं खाने पड़ेंगे।

उत्तर-मध्य रेलवे झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर सेंट्रल से महाराजा छत्रसाल स्टेशन के बीच गाड़ी संख्या (स्पेशल) का संचालन किया जा रहा है। समय-सारणी के अनुसारः

**कानपुर से रवानगीः** यह ट्रेन शुक्रवार रात 10:00 बजे कानपुर सेंट्रल से चलेगी।

हमीरपुर रोड रात 11:21 बजे पहुंचेगी, महोबा जंक्शन देर रात 2:45 बजे, खजुराहो सुबह 4:15 बजे और छतरपुर सुबह 6:00 बजे अपने अंतिम गंतव्य पर पहुंचेगी।

वापसी के सफर में यह ट्रेन शनिवार को महाराजा छत्रसाल स्टेशन से शाम 5:30 बजे प्रस्थान करेगी। खजुराहोः शाम 6:30 बजे, महोबाः रात 8:50 बजे, हमीरपुर रोडः रात 11:05 बजे, कानपुर सेंट्रल देर रात 2:15 बजे पहुंचेगी।

### 20 कोचों की ट्रेन में स्लीपर की सुविधा

इस विशेष ट्रेन की सबसे खास बात यह है कि इसमें कुल 20 कोच लगाए गए हैं। जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार, इसमें 18 स्लीपर कोच और 2 एसएलआर (गार्ड व लगेज) कोच शामिल हैं। चूंकि यह अनारक्षित ट्रेन है, इसलिए यात्री स्टेशन से टिकट लेकर इसमें सफर कर सकेंगे। फिलहाल यह ट्रेन एक फेरे के लिए संचालित की जा रही है।

## अवैध हथियार दिखाकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**गौरिहार।** जिले के थाना गौरिहार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कितपुरा में एक गंभीर घटना के मामले में पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने अवैध हथियार का धौंस दिखाकर फरियादी और उसके परिजनों के साथ मारपीट की तथा उन्हें धमकाया था। इस संबंध में थाना गौरिहार में भारतीय न्याय संहिता एवं आयुध अधिनियम की समुचित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसकी पुलिस द्वारा विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही थी। कॉम्बिंग गश्त के दौरान थाना गौरिहार पुलिस टीम ने ग्राम कितपुरा में छापेमारी करते हुए आरोपी बुद्ध सिंह राजपूत पुत्र राम आसरे राजपूत, निवासी ग्राम कितपुरा, थाना गौरिहार को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार देशी कट्टा एवं कुल्हाड़ी बरामद की गई। पुलिस ने दोनों वस्तुओं को जब्त कर लिया है। उक्त आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी गौरिहार रूपनारायण पटैरिया, उप निरीक्षक सुरेंद्र मरकाम, सउनि राजकुमार शुक्ला, प्रधान आरक्षक बाबूलाल, आरक्षक महेंद्र सचान, अखिलेश मिश्रा, शेरा सिंह, विकास सिंह एवं पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## छतरपुर जिला अस्पताल की लिफ्ट में जेब काटते युवक पकड़ा, भीड़ ने पीटा

**छतरपुर। जिला अस्पताल परिसर में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां लिफ्ट के अंदर जेब काटने की कोशिश करते एक युवक को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई और गुस्साए लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी।**



जानकारी के अनुसार, युवक ने लिफ्ट में एक व्यक्ति की जेब से लगभग 4 हजार रुपये निकालने की कोशिश की। पीड़ित को जेब में अचानक हरकत महसूस हुई, तो उसने तुरंत युवक का हाथ पकड़ लिया और शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास मौजूद परिजन, अन्य लोग और अस्पताल के गार्ड मौके पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने युवक को घेरकर उसकी खूब पिटाई की और बाद में अस्पताल चौकी के माध्यम से पुलिस के हवाले कर दिया।

बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में धुत था और उसकी तबीयत भी ठीक नहीं थी। पुलिस ने उसे पहले चिकित्सकीय जांच कराई और इलाज के बाद घर भेज दिया। अस्पताल के गार्डों का कहना है कि यह युवक पहले भी संदिग्ध गतिविधियों में पकड़ा जा चुका है और अस्पताल परिसर में ऐसी हरकतें करने का इतिहास रहा है।

## चंदला बस स्टैंड में नहीं थम रहा अवैध अतिक्रमण



छतरपुर।

जिले के चंदला बस स्टैंड में अवैध अतिक्रमण और निर्माण कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बढ़ती आबादी और बसों की संख्या के बावजूद बस स्टैंड का क्षेत्रफल लगातार संकुचित हो रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। मीडिया में मामला उजागर होने के बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर स्थानीय अधिकारियों ने सिर्फ हिदायत दी थी, जिससे कुछ दिनों के लिए कार्य रुका, लेकिन अब फिर धड़ल्ले से निर्माण शुरू हो गया है।

नगर के सीमित दायरे में स्थित बस स्टैंड पहले से ही संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। आबादी बढने के साथ यहां बसों की संख्या रोजाना बढ़ रही है, जिसके लिए विस्तार की जरूरत है, मगर अतिक्रमणकारियों द्वारा दिवालें खड़ी कर क्षेत्र छोटा किया जा रहा है। पिछले दिनों मीडिया रिपोर्ट के बाद कलेक्टर के आदेश पर नगर परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और अतिक्रमणकारियों को निर्माण रोकने के निर्देश दिए थे। मामला ठंडा पड़ते ही अतिक्रमणकारियों ने फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

## छत से गिरने से 36 वर्षीय युवक की मौत



**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुरा में एक दर्दनाक हादसे में 36 वर्षीय युवक की जान चली गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान दिनेश राजपूत (36) पुत्र वीरेंद्र राजपूत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात दिनेश राजपूत ने खाना खाने के बाद घर की छत पर सोने के लिए जाना था। देर रात नींद में उनके संतुलन के बिगडने से वे छत से नीचे गिर पड़े। परिजनों को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रविवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक जांच में हादसा छत से गिरने के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की है।

## नहदोरा के 6-7 घरों में लाखों की चोरी



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नहदोरा में बीती रात चोरों ने दहशत फैला दी। गांव में एक शादी का उत्सव चल रहा था, जहां पूरा परिवार और ग्रामीण जश्न में मग्न थे। इसी माहौल का फायदा उठाकर चोरों ने बेखौफ होकर 6 से 7 घरों को निशाना बनाया।

चोरों ने शीला यादव, मनिया अहिरवार सहित अन्य ग्रामीणों के घरों के ताले तोड़ दिए और लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने तथा नकदी उड़ा ली। सुबह जब घर के सदस्य वापस लौटे तो घर में बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। पूरा घर अस्त-व्यस्त था और कीमती सामान गायब था। घटना की सूचना मिलते ही राजनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका-ए-वारदात का जायजा लिया। पुलिस ने संबंधित ग्रामीणों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत



सड़क पार करते समय हादसा, मौके पर गई जान

**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शाम करीब 7 बजे खेरो और अंगोर गांव के बीच सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी दम तोड़ दी।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान श्यामलाल कुशवाहा के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और हिट एंड रन की इस घटना में दोषी वाहन चालक को जल्द पकडने का दावा किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला 17 व 18 मार्च को

**रीवा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल गुढ़ की दो दिवसीय शैक्षणिक प्रवासीय कार्यशाला का आयोजन 17 एवं 18 मार्च 2026 को भागवत पैलेस गुढ़ में किया जाएगा। यह कार्यशाला मंगलवार और बुधवार को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी।भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण महाअभियान की इस कार्यशाला में मंडल के सभी पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी, संयोजक, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और महामंत्री, मंडल में निवासरत जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारी, नगर परिषद के पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की अनिवार्य उपस्थिति अपेक्षित है।

### आबकारी के फुटकर ठेकेदारों के शेष रह गये एकल समूहों के ई-टेंडर 16 मार्च से ऑनलाइन होंगे जमा

**रीवा।** रीवा जिले में वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक अवधि के लिए आबकारी के फुटकर ठेकेदारों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के निष्पादन से शेष रहे चतुर्थ चरण में एकल समूहों के ई-टेंडर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर कार्यालय रीवा में निष्पादित किये जायेंगे। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आनलाइन ई-टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं आफर सबमिट 16 मार्च को सुबह 10 बजे से 17 मार्च को शाम 4 बजे तक किये जा सकेंगे। ई-टेंडर 17 मार्च को शाम 4.05 बजे खोले जायेंगे। ई-टेंडर का आक्शन प्रारंभ एवं आरंभ होने की तिथि 17 मार्च को शाम 5.30 बजे से शाम 6.50 बजे तक निर्धारित है। संबंधित समूह का आक्शन समाप्त होने अथवा 17 मार्च को शाम 6 बजे जो भी बाद में होगा ई-टेंडर खोला जायेगा। अधिक जानकारी के लिए बेवसाइट एक्साइज डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन से प्राप्त की जा सकती है।

### एनएसयूआई के नेतृत्व में आज होगा भाजपा कार्यालय का घेराव

**रीवा।** एनएसयूआई द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर आज भाजपा कार्यालय का घेराव कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया। यह कार्यक्रम रीवा एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में किया जाएगा,एनएसयूआई कार्यकर्ता आज दोपहर 12 बजे बैजू धर्मशाला, जयस्तंभ चौक पर एकत्रित होंगे वहां छात्रों और युवाओं को संबोधित करने के बाद रैली के रूप में भाजपा कार्यालय की ओर कूच कर घेराव किया जाएगा। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा संस्थानों में बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों से जुड़े मुद्दों, सरकारी योजनाओं में कथित अनियमितताओं तथा रीवा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून व्यवस्था की समस्याओं को लेकर किया जा रहा है।

### चना एवं मसूर फसलों के उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**रीवा।** रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसलों का पंजीयन 16 मार्च तक किया जायेगा। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों से अपेक्षा की है कि नियत तिथि तक अपनी फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन करा लें।

### कृषि भूमि में सिंचाई मिलेगी सुविधा

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 27 ग्रामों के करीब 11 हजार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की महत्वाकांक्षी बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिये किसानों ने आभार रैली में शामिल होकर स्वागत किया गया। राज्य मंत्रि-परिषद से मिली परियोजना की स्वीकृति पर कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया गया। बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना की लागत 566.92 करोड़ रूपए है।

# हिनौती गौधाम में मास्टर प्लान के अनुसार ही निर्माण कार्य कराये जाएं

## निर्माणाधीन गौशेड व गेस्ट हाउस का कार्य 30 मार्च तक पूर्ण करें: उप मुख्यमंत्री




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में आयोजित बैठक में कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार ही सभी निर्माण कार्य कराये जांय। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि गौधाम में प्रस्तावित गौशेड, भूसा शेड सहित अन्य कार्य व्यवस्थित ढंग से लेआउट देकर प्रारंभ करायें। उन्होंने गौधाम के निर्माणाधीन गौशेड एवं गेस्ट हाउस का कार्य 30 मार्च तक पूर्ण कराकर लोकार्पण कराने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने विधायक मनगवां द्वारा प्रदत्त की गयी 3 करोड़ 60 लाख रूपये की राशि से गोपाल, सुरभि एवं नंदिनी गौशेड निर्माण कार्य की प्रगति जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्य 30 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कामधेनु गौशेड के साथ भूसा शेड का कार्य भी नियत समय तक पूर्ण किये जाने का निर्देश उप मुख्यमंत्री ने दिया। श्री शुक्ल ने उनके स्वयं की विधायक निधि से स्वीकृत 3 करोड़ 60 लाख रूपये की राशि से मास्टर प्लान के अनुसार व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने कहा कि गौधाम से लगी किसानों की निजी भूमि में गौवंश न जांय यह व्यवस्था सुनिश्चित की जांय। उन्होंने गौशाला संचालन समिति में क्रियाशील सदस्यों को शामिल करने के भी निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौधाम से लगे नाले में मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा के अनुसार शीघ्र कार्य प्रारंभ करायें। उन्होंने गौधाम में जल निगम एवं पीएचई द्वारा निर्मित की गयी जन भागीदारी से टंकी व नेटवर्क पाइप लाइन कार्य के लिए विभागीय अधिकारियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर बताया गया कि सभी गौशेड में पानी का कनेक्शन कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने गौधाम के लिए शासकीय भूमि का शेष सीमांकन कराने के निर्देश बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होंने गौधाम के लिए सड़क निर्माण व अन्य प्रयोजन के लिए निजी भूमि दाताओं का द्वारा प्रदत्त भूमिदान के लिये सम्मान किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमार्ग से गौधाम तक प्रस्तावित सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने गौपूजन कर गाय को गुड खिलाया। बैठक में उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय ने हिनौती गौधाम में निर्माण कार्यो सहित गायों के पंजीयन तथा अन्य गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, सीईओ जनपद प्राची चतुर्वेदी, उप संचालक पशुपालन डॉ. पंकज सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई चित्रांशु सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# माँ कर्मा जयंती महोत्सव में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को जितना उल्लास के साथ मनायेंगे आने वाली पीढ़ी उसके महत्व को समझेगी और वह भी इस परंपरा को आजीवन काल तक चिर स्थाई बनाकर रख सकेगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल माँ कर्मा जयंती महोत्सव में शामिल हुए। राज कपूर आडिटोरियम में साहू युवा संगठन के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने माँ कर्मा की विधि विधान से आरती की। उन्होंने कहा कि माँ कर्मा कृष्ण भक्त थीं और भगवान श्री कृष्ण उनकों साक्षात दर्शन देते थे और उनकी मनोकामनाओं की पूर्ति करते थे। माँ कर्मा भक्ति की प्रतीक थी। माँ कर्मा जयंती का आयोजन महान आत्माओं को याद दिलाने का आयोजन है। इस आयोजन के लिए आयोजनकर्ता बधाई के पात्र हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं कल भी माँ कर्मा शोभा यात्रा का साक्षी बना था और आज इस आयोजन में भी उपस्थिति हुआ हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि इन आयोजनों में शामिल हुआ। माँ कर्मा जयंती महोत्सव में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, पूर्व मंत्री रविकरण साहू, करण साहू, नरेन्द्र साहू, दिलीप शाह, पूर्व महापौर श्रीमती रेनू शाह, आभा शाह एवं नगर परिषद अध्यक्ष रामपुर नैकिन रामकुमार साहू व जगन्नाथ साहू ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रायपुर छत्तीसगढ़ की भजन गायिका हीना सिंह ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, वंशीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी एवं आयोजक उपस्थित रहे।

# आजादी आंदोलन के अमर योद्धा आचार्य जेबी कृपलानी की 44 वीं पुण्यतिथि पर 19 मार्च को होगी विचार संगोष्ठी



**रीवा।** आजादी के आंदोलन के स्तंभ ,नागरिक आजादी के कर्णधार और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निकटतम सहयोगी आचार्य जेबी कृपलानी (जीवतराम भगवान दास कृपलानी) की 44 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर समता सम्पर्क अभियान एवं पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत रीवा मप्र के संयुक्त तत्वावधान में एस ए एफ चौराहा के पास स्थित सिंधु भवन में गुरुवार 19 मार्च को एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम आयोजन समिति की तरफ से समाजसेवी शंकर सहानी ने बताया है कि देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संयुक्त प्रांत से संविधान सभा के सदस्य रहे आचार्य कृपलानी की पावन स्मृति में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सिंधु भवन के सभा कक्ष में दिन 3 बजे से संवाद होगा। संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ताओं के द्वारा आचार्य कृपलानी के संबंध में विचार रखने के साथ उनकी पावन स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे।

# बिछिया थाना प्रभारी आईपीएस राजीव अग्रवाल की सक्रियता से 24 घंटे के अंदर लोही गोली कांड का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**रीवा 1** बिछिया थाना क्षेत्र के लोही पुल के नीचे हुई गोली चलने की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल भी बरामद की है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च 2026 को एसजीएमएच रीवा से सूचना मिली थी कि कृष्णा नगर निवासी एक युवक गोली लगने से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बिछिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की तलाश शुरू की।जांच के दौरान पता चला कि 13 मार्च की रात करीब 10:15 बजे कृष्णा नगर निवासी प्रतीक पटेल उर्फ बादशाह अपने साथी के साथ घर पर बैठकर शराब पी रहा था।इसी दौरान पिस्टल चेक करते समय अचानक गोली चल गई, जिससे उसका साथी मुकेश पेट में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए एसजीएमएच में भर्ती कराया गया।पुलिस ने मामले में धारा 110 बीएनएस तथा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी पिस्टल भी बरामद की गई है।आरोपी का नाम प्रतीक पटेल उर्फ बादशाह (20 वर्ष), निवासी कृष्णा नगर, चिरहुला, थाना बिछिया, जिला रीवा।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बिछिया सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घटना का शीघ्र खुलासा होने पर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।

# डॉक्टर को इलाज कराने वाले मरीज को भगवान की तरह मानना चाहिए - उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि डॉक्टर को इलाज कराने वाले मरीज को भगवान की तरह मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती में डॉक्टर भगवान के सामान हैं डॉक्टर भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सेवाभाव से करें। शुक्ल ने पत्रिका समूह द्वारा आयोजित चिकित्सकों के सम्मान समारोह में शहर के डॉक्टर्स का सम्मान किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी मीडिया समूह द्वारा चिकित्सकों का रीवा में पहली बार इस तरह का सम्मान किया गया है। यह आयोजन सिद्ध करता है कि रीवा में डॉक्टर्स बेहतर कार्य कर रहे हैं। रीवा को मेडिकल हब बनाने का सपना सही दिशा में जा रहा है। श्री शुक्ल ने कहा कि जब जीवन संकट में आता है तो केवल डॉक्टर के पास ही लोग जाते हैं। मेहनत से किये गये कार्य की जब बड़े सामाजिक स्तर पर सराहना मिलती है तो उत्साह भी बढ़ता है। शुक्ल ने शहर के प्रमुख सेवाभावी डॉक्टर्स का सम्मान किया। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि विचारहीन समाज स्थाई नहीं होता किसी भी क्षेत्र में विचार के ऊपर व्यावसायिकता नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रिका समूह द्वारा डॉक्टर्स का किया गया सम्मान प्रशंसनीय है। उन्होंने आयोजन से कहा कि सकारात्मक कार्यो के लिए केवल प्रेरित ही नहीं किया जा रहा बल्कि समाने आकर कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने सम्मानित होने वाले डॉक्टर्स को शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा कोरोनाकाल सहित अन्य समय में किये गये सेवाभाव की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय सहित चिकित्सक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के अधिकारियों को जिले में निर्बाध गैस आपूर्ति के दिये निर्देश



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा जिले में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि नियमित घरेलू गैस सिलेण्डर आपूर्ति की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कराई जाय। बुकिंग के आधार पर गैस लेने वाले उपभोक्ताओं को सुगमता से गैस सिलेण्डर मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय व प्रदेश स्तर के अधिकारियों से फोन से रीवा जिले में नियमित गैस सिलेण्डर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं कि जिले में नियमित गैस सिलेण्डर की आपूर्ति होती रही और बुकिंग का बैकलाग समाप्त हो जाय और लोगों को बिना किसी परेशानी के गैस सिलेण्डर मिलता रहे। इस अवसर पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि सर्वर के ठीक ढंग से कार्य करने से गैस की आनलाइन बुकिंग हो रही है। रीवा शहर में गैस की उपलब्धता के अनुसार वितरण किया जा रहा है। नियमित आपूर्ति के सभी प्रयास जारी हैं ताकि बैकलाग को पूरा करते हुए लोगों को सुगमता से गैस सिलेण्डर का वितरण हो सके। बैठक में गैस एजेंसी संचालकों ने गैस वितरण में प्रशासन द्वारा दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि गैस वितरण की सुगम व्यवस्था के लिए एजेंसियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर सहित गैस एजेंसी के संचालक उपस्थित रहे।

# वृहद रक्तदान शिविर आज: कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में कलेक्टर ने शिविर में अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता की अपील की

**रीवा।** आज 16 मार्च को जिला चिकित्सालय में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर आयोजन में विभिन्न विभागों को सहभागिता के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भागीदार बनें।

कलेक्टर ने अधिकारियों को शिविर की व्यवस्थाओं के संबंध में दायित्व सौंपे तथा निर्देश दिये कि शिविर के व्यवस्थित आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण करायें। उन्होंने शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों से शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान कराने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि इससे पूर्व भी रीवा में जो रक्तदान शिविर आयोजित हुए हैं उनके अच्छे परिणाम आयें हैं। लोगों ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सेदार की ओर अधिक मात्रा में रक्त का संग्रहण हुआ। उन्होंने स्वयं सेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर में अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की।

# 214 करोड़ की योजना में निगम के इंजीनियरों ने लगाया पलीता, संकरी गलियों में पहले की कंपनी ने नहीं डाली सीवर पाइप और हो गया भुगतान, मोहल्ले बने नरक, चलने के लायक नहीं रही सड़क

**रीवा।**



रीवा शहर को बेहतर बनाने और निकलने वाले सीवर को पानी को बेहतर करने और ट्रीट करके नदी में पहुंचे इसको लेकर उन मोहल्लों में 214 करोड़ रुपए की लागत से पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है जहां पहले की कंपनी ने का छोड़ दिया था वहां पर नए सिरे काम तो कराया जा रहा है लेकिन जो बीकाने वाल बात है वह यह है कि जिन स्थानों में केके स्थान कंपनी ने काम दिखाकर भुगतान ले लिया वहां पर काम किया ही नहीं गया जिसे अब सहज कंपनी पूरा करने में लगी है। मजे की बात यह है की जिस वक्त काम हो रहा था वहां पर निगम के इंजीनियर जांच करने नहीं जाते थे और कक्ष पन द्वारा बिना काम के ही भुगतान ले लिया जिसका नुकसान अब सहज को भुगतना पड़ रहा है। अगर यूं कहे कि कंपन और निगम के इंजिनिरों की मिली भगत से यह खेला किया गया तो कोई अतिसंयोक्ति नहीं होगी। शहर में विकास की सबसे महंगी और लंबी चलने वाली योजनाओं में शामिल सीवर लाइन परियोजना अब भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक आंख मिचौली का प्रतीक बन चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि जहां सीवर लाइन डाली ही नहीं गई वहां भी केके स्पन कंपनी ने काम करना दिखाया है जिसे अब नई कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बता दे लगभग 214 करोड़ रुपए की लागत से रीवा शहर में शुरू हुई सीवर लाइन योजना आज तक पूरी नहीं हो सकी। इस योजना का ठेका केके स्पान कंपनी को दिया गया था जिसने आधा अधूरा काम कर बीच में ही हाथ खड़े कर दिए लेकिन भुगतान प्राप्त कर लिया। अब यह कार्य सहज कंपनी को सौंपा गया है। काम शुरू होते ही कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। कंपनी सूत्रों के अनुसार कई मोहल्लों की पतली गलियों में सीवर डाला ही नहीं गया फिर भी रिकॉर्ड में वहां सीवर लाइन और चेंबर बने हुए दर्शाए गए हैं।इंजीनियर नहीं करते मूल्यांकनयह स्थिति साफ बताती है कि नगर निगम के जिम्मेदार इंजीनियरों ने मौके पर जाकर कार्य का मूल्यांकन नहीं किया। बिना जांच किए सीसी जारी कर दी और कमीशनखोरी के बदले शहर को संकट में झोंक दिया। आज भी हालात जस के तस हैं जहां काम चल रहा है नगर निगम का कोई इंजीनियर साइट पर दिखाई नहीं देता जिससे नई कंपनी भी मनमानी करने से नहीं चूक रही।कागजों में सीवर जमीन पर कुछ नहींद्वारिका नगर वार्ड क्रमांक 24 और 25 की कई गलियों में सीवर लाइन डालने और चेंबर निर्माण का पूरा ड्राइंग और मैप तैयार है लेकिन स्थल पर एक इंच भी काम नहीं हुआ। इसी तरह करहिया मंडी, जनता कॉलेज, संजय नगर की कई गलियों में भी चेंबर निर्माण का रिकॉर्ड मौजूद है जबकि हकीकत में वहां खुदाई की ही नहीं गई।शहर में धूल और कीचड़इस समय एक साथ विभिन्न मोहल्लों में 10 से अधिक स्थानों पर खुदाई चल रही है सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं बैरिकेडिंग नदारद रात में हादसों का खतरा बना रहता है। खुदाई के बाद रेस्टोरेशन का काम समय पर सांस लेना मुश्किल है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे है। नहीं किया जा रहा जिससे सड़कें टूट चुकी हैं। धूल और कीचड़ से सांस लेना मुश्किल हो रहा है खास बात यह है कि लोग घरों से बाहर तक नहीं निकल पा रहे है।सात में सिर्फ दो का हुआ काम पूराशहर के विवेकानंद बिछिया एवं निपनिया का एसटीपी लगभग बनकर तैयार हो चुका है और अब सीवर लाइन में घरों का कनेक्शन देने के लिए चैबरों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है लेकिन घर से ऊंचे चैंबरों का निर्माण किए जाने से नई समस्या खड़ी हो गई है। पिछले एक दशक से शहर के गंदे पानी का ट्रीटमेंट करके स्वच्छ करने के लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का काम चल रहा है यह काम कब तक पूरा होगा वर्तमान में स्थित है कि अभी तक सिर्फ एक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रारंभ किया जा सका है जबकि पूरे शहर में सात सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाना है इनके निर्माण के बाद सीवर पाइप लाइन में हर घर का कनेक्शन होने के बाद गंदे पानी का ट्रीटमेंट संभव हो सकेगा। लेकिन जिस तरह से काम चल रहा है उसे देखकर नहीं लगता कि अगले एक दशक में भी यह पूरा हो पाएगा।नहीं होती मॉनीटरिंगशहर के कई मोहल्ले के लोगों ने बताया कि जहां भी सीवर लाइन का काम चल रहा है वह पूरी तरह से कम पर लगे मजदूर के विवेक पर निर्भर करता है। मौके पर टेक्निकल इंजीनियरों का पता नहीं रहता, ना ही सीवर लाइन के मॉनिटरिंग के लिए तैनात कंपनी के इंजीनियर भी ध्यान दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में कनेक्शन देने के बाद भी समस्या जस की तस बनी रहेगी। इस तरह के काम से ना तो मोहल्लों की गंदगी दूर हो पाएगी और ना ही गंदे पानी का ट्रीटमेंट ही हो पाएगा। नगर निगम के इंजीनियरों द्वारा भी कंपनी द्वारा की जा रही इस गंभीर चूक की ओर ध्यान दे रही है।

# आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी घोषित



**मऊगंज।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर द्वारा मऊगंज जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।घोषित कार्यकारिणी में भोला भारती को मऊगंज जिला अध्यक्ष तथा श्रद्धा श्री वर्मा को महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही एडवोकेट सानन्त स्वरूप विश्वकर्मा को जिला संगठन मंत्री और सचिन सिंह को जिला युवा अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कैप्टन सत्येंद्र सिंह को आर्मी विंग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।जिला उपाध्यक्ष के रूप में जगजीवन लाल शुक्ल, रामनरेश सोनी, हरिशंकर शुक्ला, एडवोकेट केसरी प्रसाद पांडेय, एडवोकेट उमेश द्विवेदी, एडवोकेट रघुनंदन मिश्रा, महावीर गिरी, अशोक कुमार सिंह एवं एडवोकेट रघुनंदन शरण श्रीवास्तव को जिम्मेदारी दी गई है।जिला प्रवक्ता के रूप में रावेन्द्र सिंह गहरवार तथा जिला मीडिया प्रभारी के रूप में रोहिणी गिरी को नियुक्त किया गया है। वहीं सचिव पद पर विजय प्रताप सिंह, एडवोकेट राकेश त्रिपाठी, लक्ष्मी प्रपन्न तिवारी एवं प्रदीप मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर शिव शंकर गौतम को नियुक्त किया गया है।प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की घोषणा होने पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी पंडित उमेश त्रिपाठी, आर्मी विंग प्रदेश उपाध्यक्ष राज द्विवेदी तथा मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक जॉइंट सेक्रेटरी ऋद्धिस खान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# परिवार की जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम कराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मऊगंज** जिले के नईगढ़ी थाना प्रभारी उप निरीक्षक ऋषि कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व मे हमराह स्टाफ द्वारा अपने भाई परिवार की जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है

घटना के संबंध मे बताया गया कि शिकायतकर्ता रामदास साहू पिता गुल्लू साहू उम्र 85 वर्ष निवासी ग्राम जोरौट थाना नईगढी जिला मऊगंज ने शिकायत किया कि इसके परिवार के द्वारिका साहू पिता रामाधार साहू निवासी जोरौट थाना नईगढी जिला मऊगंज के द्वारा इसके परिवार के साझात के आराजी नम्बर 517, 797, 823, 846, 849 एवं 956 मे बटवारा पुल्ली मे इनके सहमति के बगैर जानबूझ कर छल कपट पूर्वक फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करके अपने नाम उपरोक्त आराजियो का नामांतरण करा लिया है जो प्रथम दृष्टया आरोपी द्वारिका साहू पिता रामाधार साहू निवासी जोरौट थाना नईगढी जिला मऊगंज के विरूद्ध अपराध धारा 318(4),336(2),336(3),338,340(2) बीएनएस के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी वक्त घटना से फरार था जिसकी पता तलास की जा रही थी। थाना थाना प्रभारी नईगढी उप निरी ऋषिकुमार द्विवेदी ने थाना नईगढी की कमान सम्भालते ही आरोपी की गिरफ्तारी हेतु त्वरित टीम गठित कर आज दिनांक 15/03/26 को आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जेआर पर पेश किया जो माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाई मे उप निरी आरपी वर्मा, .प्र.आर.13 रामकुमार भास्कर, आर.82 अविनाश सिंह ,आर.63 प्रकाश कुशवाहा ,आर 136 आकाश पनिका , सैनिक राजकुमार चतुर्वेदी, पवन मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।